तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 बस्तर संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे ने किया खाले ...

11 17 हजार किसानों को मिले 3.64 करोड़


## खबर संक्षेप

### 40 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट का वितरण



**तोकापाल।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, टीबी हारेगा देश जीतेगा, के तहत रेडकास निक्षय मित्रों से प्राप्त पौष्टिक आहार किट का वितरण रामबती भण्डारी जनपद अध्यक्ष तोकापाल के मुख्य आतिथ्य में एवं रितेष दास जोशी जनपद उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में 40 टीबी उपचाररत मरीजों को वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा हमें इस वर्ष के अन्त तक टीबी को हराना है, इसके लिये आप जैसे लोगों की जनभागीदारी आवश्यक है। रितेष जोशी ने कहा आपको जो किट प्राप्त हुआ है उसका उपयोग टीबी मरीज स्वयं करेंगे और सभी मिलकर हम अपने बस्तर को टीबी मुक्त करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुश्री नीलू तिर्की सीईओ द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया । स्वास्थ्य विभाग के प्रदीप त्रिपाठी एवं शिवनारायण पाण्डे द्वारा टीबी की विस्तृत जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में समाजसेवी चंद्रकान्त भडारी, सुशील कुमार सिंह, पंचायत निरीक्षक हरीश पाण्डे और अन्य लोग उपस्थित थे ।

### 3 दिनी बने खाबो- बने रहिबो जागरुकता अभियान कल से

**जगदलपुर।** वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथान एव जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराये जाने हेतु बने खाबो-बने रहिबों जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। 4, 5 एवं 6 अगस्त को उक्त अभियान के तहत स्ट्रीट फूड वेन्डर्स,खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों का निरीक्षण एवं जांच किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की जानकारी (जैसे खाद्य पदार्थों के लिए अखबारी कागज का उपयोग न करना, वेज-नॉनवेज का कंटेनर में रख-रखाव, खाद्य पदार्थ की अस्वच्छ हैडलिंग आदि जानकारी) एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी खाद्य कारोबारकर्ता एवं क्रेता के लिए इस दौरान की जावेगी।

### जिले के 67130 किसानों को 14 करोड़ अंतरित



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के तहत देश के किसानों को राशि हस्तांतरित किया। बस्तर जिले के 67130 किसानों को 14 करोड़ 64 लाख की राशि का हस्तांतरण किसानों के खातों में किया गया है। जगदलपुर के कृषि विज्ञान केंद्र के स्वामी विवेकानन्द सभागृह में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के किसान जुड़े थे। इस अवसर पर सभापति कृषि कमलेश बघेल, उप संचालक राजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में किसान भी उपस्थित रहे।

# वन संसाधन प्रबंधन समिति ने ग्रामीणों की मदद से प्राकृतिक पर्यटन स्थल तिरिया में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ब्लॉक जगदलपुर के ग्राम तिरिया प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है । ग्राम सभा की पहल से स्थानीय आजीविका एवं पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणादायी केंद्र बन चुका है। ग्राम सभा तिरिया द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार मिलने के पश्चात, ग्रामीणों ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास की दिशा में भी कई कदम उठाए हैं। इसी क्रम में 27 जुलाई को ग्राम सभा एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा तिरिया संगम पिकनिक स्पॉट पर व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पूर्व में ग्रामीणों द्वारा पर्यटकों के लिए बाँस से बनी नावों (बाम्बू राफ्टिंग) और पिकनिक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

वन अधिकार पत्र प्राप्त होने से पहले ही गांव के लोग जंगल सुरक्षा हेतु 23-23 सदस्यों की गश्ती टीमें बनाकर कार्य कर रहे थे। हालाँकि, उन प्रयासों से आय का कोई स्थायी साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। ऐसे में ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तिरिया संगम को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार का भी सृजन हो।

### सामूहिक पहल से ग्रामीण लोगों की आजीविका चल रही




#### पर्यटकों से मिले शुल्क से पौधे, खरीदकर भी किया पौधारोपण

पिछले दो वर्षों से पर्यटकों से जो शुल्क संग्रहित किया गया, उसी राशि से इस वर्ष आम, जामुन, आंवला, बेर, नारियल, बादाम, कोलियारी बाजी, बांस, कदम, जाम, नीम एवं विभिन्न प्रकार के फूलों के साथ-साथ मिश्रित प्रजातियों के पौधों की खरीद कर पौधरोपण किया गया। यह पौधरोपण केवल पर्यटन क्षेत्र तक सीमित न रहकर नालों के किनारे-किनारे भी किया गया, जिससे आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि फलों और औषधीय पौधों से आय का अतिरिक्त स्रोत भी विकसित होगा। वन विभाग ने भी ग्राम सभा की पहल की सराहना करते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे प्रदान किए। जिनका रोपण ग्राम सभा द्वारा पर्यटन स्थल में किया गया।

### सुविधा : यात्री बसों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को मिलेगा नया आयाम

# बस्तर के 6 जिलों की सड़कों पर पहली बार चलेगी यात्री बस, होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को आसान, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा मिलेगी। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस परिवहन सेवा के शुरू होने से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नया आयाम मिलेगा। यही कारण से परिवहन विभाग की ओर से बस्तर संभाग के 6 जिलों के अंदरूनी क्षेत्र पर 8 सड़कों में पहली बार यात्री बसें शुरू की जाएगी।

- ग्रामीणों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना में चलाएंगे बसें

अलग खबर

बस्तर संभाग के उत्तर एवं दक्षिण भाग पहाड़ी एवं वन आच्छादित है तथा मध्य भाग मैदानी क्षेत्र है। बस्तर क्षेत्र में मुख्य रूप से जनजातीय लोग निवासरत हैं। जिनका मुख्य व्यावसाय वन आधारित है तथा इनकी बसावट गांव में दूर-दूर स्थित होती है। जबकि मैदानी क्षेत्र में निवासरत व्यक्तियों का मुख्य व्यावसाय कृषि आधारित है तथा यह क्षेत्र तुलनात्मक रूप से घना बसा हुआ है। जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम होने के कारण छोटी यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों अथवा मालवाहनों में परिवहन किया जाता है, जिसके कारण दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत किसान, काश्तकार, मजदूर, छोटे व्यावसायी, किराना व्यवसायी एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा अपनी दैनिक, व्यावसायिक आवश्यकताओं के क्रय, अपने उत्पाद के विक्रय, रोजगार हेतु जनपद मुख्यालय, नगरीय क्षेत्र, तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय स्थित बाजारों में आवागमन की आवश्यकता होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए निकटतम ग्राम, जनपद मुख्यालय, नगरीय क्षेत्र, तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय में ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### ऐसे अंदरूनी क्षेत्र में चलेगी बस

बताया जा रहा है कि बस्तर जिले के दरभा से ककालगुर, भडरीमहू, कोलेंग, नेतानार, बोदेल, बड़े मुरमा, कारवाड़ा, बिरनपाल, केशपुर, लेंड्रा चौक, नेगानार, कमानार तक, दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण से तुमकापाल, गडसे, तेलम, टेटम, जिहाकोड़ता, ऐटेपाल, बड़ेगुडरा, मोखपाल, मैलावाड़ा, कुलनार तक, सुकमा जिले में कोंटा से मुरलीगुड़ा, बंडा, दुबामरका, नुल्कातोंग, पिलवाया, पुसगुड़ा, मेहता, कगालतोंग, गोलापल्ली तक सहित बीजापुर, नाराणपुर एवं कोंडागांव जिले के अंदरूनी क्षेत्र में पहली बार स्वतंत्रता दिवस से यात्री बस शुरू होगी।

#### बस संचालकों को मिलेगा सब्सिटी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि शासन के निर्देश पर अंदरूनी क्षेत्र में जहां बस नहीं जाती थी, वहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए यात्री बस शुरू की जाएगी। इसके लिए बसों का परमिट मुख्यालय से दिया जाएगा और बस संचालकों को सब्सिटी दिया जाएगा।

# आज से हावड़ा-समलेश्वरी एक्सप्रेस चलेगी, मिलेगी राहत

### 29 दिनों के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी

- भुवनेश्वर तक चलने वाली हीराखण्ड, राउरकेला तक चलने वाली इंटरसिटी और विशाखापट्नम जाने वाली ट्रेन लंबे समय बाद प्लेटफॉर्म में खड़ी हुई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्वतट रेल के रायगड़ा रेल मंडल में 2 जुलाई को केके रेल लाइन के ओड़िसा स्थित जैपुर और कोरापुट रेलखंड के मल्लिगुड़ा-जरटी के मध्य भूस्खलन की घटना के चलते किरन्दुल-जगदलपुर-जैपुर के यात्रियों को 28 दिनों तक रेलयात्रा से वंचित होना पड़ा। दो दिन पहले विशाखापट्नम रेल मंडल ने जैपुर में ओड़िसा की मुख्य विपक्षी दल बीजू जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि नारायण नंद के नेतृत्व में जैपुर रेलवे स्टेशन में किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली यात्री ट्रेनों को स्थगित करने के विरोध में धरना देकर रेल प्रशासन को चेतावनी दी गई। जिसके दूसरे दिन ही निरस्त यात्री ट्रेनों के परिचालन के आदेश जारी किया गया। इस आदेश पर गुरुवार को 29 वे दिन किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली 5 में 4 ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया। बस्तर के लोगों को 29 दिनों के बाद रेलयात्रा करने से राहत की सांस ली। विदित हो कि किरन्दुल और जगदलपुर से कुल 5 यात्री ट्रेनों का नियमित संचालन होता है। इनमें हावड़ा तक चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को छोड़ शेष नहीं ट्रेनें आज लंबे समय के बाद प्लेटफॉर्म में देख यात्रियों के चेहरे खिल गए।

जगदलपुर से प्रतिदिन सुबह साढ़े 5 बजे हावड़ा जाने वाली सम्लेश्वरी एक्सप्रेस यहां से आज से नियमित हुई। जबकि किरन्दुल से विशाखपट्नम जाने वाली पैसेंजर, जगदलपुर से राउरकेला जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस,जगदलपुर से भुवनेश्वर जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस और किरन्दुल से विशाखपट्नम जाने वाली नाईट एक्सप्रेस आज से गन्तव्य स्थल के लिए चलने लगी।

# सावन में डाक कांवड़ियों की निकली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बजरंग दल के तत्वावधान में महादेव घाट से प्रारंभ होकर खम्हारगांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक दौड़ते हुए बिना रुके कांवड़ यात्रा पूरी की गई।

जल त्रिशूल आकार की स्टीलनुमा पाइप में भरे जल पात्र के रूप में लिया गया। यही त्रिशूलनुमा कांवड़ लेकर शिवभक्त बारी-बारी से बिना थमे दौड़ते रहे। पूरे मार्ग में हर हर महादेव के जयघोष और भक्ति गीतों की गूंज ने वातावरण को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। इस दौरान विभाग अर्चक पुरोहित पंकज मिश्रा,सेवा विभाग प्रमुख अनिल अग्रवाल,जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, जिला गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर,जिला सतसंग प्रमुख सोम सिंह, नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर,नगर संयोजक भवानी चौहान,नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख योगेश रैली,नगर सह विद्यार्थी प्रमुख पवन राजा,रवि नेताम,नगर अखाडा प्रमुख शत्रुघ्न कश्यप,नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम सिंह, रोहन कुमार, जगदीश ठाकुर, रितेश ठाकुर, रोहन सेठिया,तमिश नायडू,काशी चालकी, महेंद्र,जसवंत जोशी, अशोक, खिलेश, आदि, दया पुजारी, विज्ज, डालेश, चकरी राव, सम्पत, मनीष भाटी, कृष बाजपेई, मुकेश पनिग्राही, अनिल राजपूत, प्रियांशु ठाकुर अजय नायक, राजा देवांगन, यश दूबे, शुभ, संदीप पाण्डेय, अजय मिश्रा, रत्नाकर नेताम, खेमराज सेठिया, आँजर, राजदीप सोनी, अमन धिवर तथा बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल रहे।

# उत्कल मातृ शक्तियों ने एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण

**जगदलपुर।** शनिवार को उत्कल समाज की महिला विंग द्वारा पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया।

- लक्ष्मीनारायण मंदिर में जुटीं बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं



अध्यक्षा शुभ्रा दास ने बताया कि जो फल-फूल पौधे यहां लगाए गए हैं वे सब ईश्वर को समर्पित होंगे। जिसके साथ महिलाओं ने सावन उत्सव भी मनाया। सचिव निरुपमा दास ने बताया कि आज के इस पौधारोपण कार्यक्रम के लिए बस्तर जिले के ट्री मेन संपत झा द्वारा पौधे उपलब्ध कराये गये,जिसके लिए समाज ने आभार माना। समाज की वरिष्ठ सदस्य रजनी दास ने बताया कि पवित्र श्रावन मास पर किया गया सुंदर आयोजन है। जिससे हम सब बेहद आनंदित है। उन्होंने बताया कि आज जो पौधे लगाए जाएंगे उनका संवर्धन और संरक्षण भी समाज की महिलायों द्वारा किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास, उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी, सचिव सुमित महापात्र एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारीयों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।

# बेरियर पर सीमावर्ती राज्यों के 768 वाहनों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवहन विभाग के बस्तर जिला अंतर्गत धनपूंजी स्थित बेरियर में सीमावर्ती राज्यों के 768 वाहनों पर शिकंजा किया। इस तरह से बेरियर से जाने-आने वाले लगभग 944 वाहनों से 25 लाख 34 हजार 204 रूपए जुर्माना किया गया। साथ ही सीमावर्ती राज्य के 768 सहित 933 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिनसे 19 लाख 82 हजार, 5 वाहनों से ई-चालान पर एक लाख, यानकर टीपी में एक लाख 80 हजार, यानकर पीएसवी में 39 हजार 180 एवं 6 वाहनों से बकाया कर दो लाख 32 हजार 834 रूपए वसूल किया गया। इसके अलावा बेरियर में विशेष जांच अभियान में उन वाहनों के विरूद्ध या जो कोयला, रेत, गिट्टी सहित अन्य खनिजों का परिवहन बिना तिरपाल लगाए कर रहे थे। ऐसे वाहनों की सघन जांच कर नियमानुसार चालानी कार्रवाई कर राजस्व समझौता शुल्क वसूल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़कों में बिना तिरपाल के ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से लोगों को परेशानी हो रही है। इससे रेत और बारिक गिट्टी उड़ कर आखों में आ जाती है, जिसके चलते दुपहिया वाहन स्लिप होकर गिर रहे हैं। रेत ले जा रही वाहनों में तिरपाल नहीं ढकने से आंखों पर रेत कंकड़ पड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं की संभावना रहती है।

- 6 वाहनों से 2.33 लाख बकाया टैक्स वसूला

#### वाहनों पर हो रही सख्ती

बेरियर धनपूंजी के प्रभारी एवं निरीक्षक शेष नारायण ध्रुव ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। बेरियर में 24 घंटे वाहनों की जांच की जा रही है, इसलिए चालक एवं मालिक वाहन नियमों का पालन करें।

### जगदलपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर सांसद का जोशीला स्वागत

# संसद में बस्तर के मुद्दों को मजबूती से रखने पर सांसद की जनता व भाजपा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को सांसद महेश कश्यप का आगमन मां दंतेश्वरी विमानतल में हुआ। इस अवसर पर उनके स्वागत हेतु बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, भाजपा के पदाधिकारीगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद ने संसद सत्र के दौरान बस्तर अंचल के हित में अनेक महत्वपूर्ण विषयों को जोरदार तरीके से उठाया, जिससे न केवल बस्तर की आवाज़ राष्ट्रीय स्तर तक पहुँची, बल्कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में गंभीर विमर्श भी प्रारंभ हुआ है। उन्होंने बस्तर के आदिवासी समाज की अस्मिता, युवा पीढ़ी की शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य से जुड़ी ज्वलंत



समस्याओं को संसद पटल पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर के छात्रावासों और पोटाकेबिनों की जर्जर स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया और इनके सुधार तथा संचालन में ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### बस्तर की आवाज उठाने पर सांसद का सम्मान

सभी ने एक स्वर में सांसद द्वारा संसद में बस्तर की आवाज बनने पर उनका अभिनंदन किया और आशा जताई कि वे आगे भी इसी प्रतिबद्धता और संकल्पशक्ति के साथ बस्तर के हितों की रक्षा करते रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्र, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, सतीश बाजपेयी, दिगंबर राव,रोशन झा,राजेश राव, दिलीप सुंदरानी, भुवनेश्वर ध्रुव, शशांक श्रीवास्तव,पुखराज ठाकुर,भरत बघेल,उदय ठाकुर, प्रीतम पात्रे, विनायक बेहरा, संजीव ठाकुर, सुनील पांडे, प्रेम चालकी, जागेश्वर साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि और नागरिकगण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### जनपद सरपंच संघ के रैनू नाग बने अध्यक्ष

**जगदलपुर।** शनिवार को जगदलपुर जनपद पंचायत के सभागार में सरपंच संघ की बैठक आयोजित किया गया। जिसमे सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने सर्वसम्मति से जमावड़ा सरपंच एवं नानगुर भाजपा मंडल के महामंत्री रैनू नाग को सरपंच संघ अध्यक्ष नियुक्त किया। जबकि उपाध्यक्ष में आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप, सचिव पद में हॉटपदमूर सरपंच मानसाय बघेल, कोषाध्यक्ष में धुरगुड़ा सरपंच दुर्गा उद्धे,मीडिया प्रभारी हेमवती को चुना गया। इस अवसर पर महादेव बाकड़े, हेमंत पोयम, जादूराम, सोनादाई, पुष्पांजलि नागेश, बुधरीबाई, सुकल धर,पीतांबर,सुखराम, टेमल, करुणा, सुकमती, सलमू नाग, गोंची, सोमधर, सोमदास,दया राम, वासुदेव गोयल, वेदिका कुंवर, सांबती कश्यप, मंगल साय, सहदेव नाग, मिटकी नाग, हरिनाम समेत अन्य सरपंच गण उपस्थित रहे।

### आज निकलेगी साइकिल रैली

**धमतरी।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पाण्डे ने बताया कि शनिवार 2 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन रुद्री चौक से गंगरेल तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस जनजागरूकता रैली में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तर के समस्त अधिकारियों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और गणमान्य नागरिकों से सहभागिता की अपील की है। रैली के दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### पीपरछेड़ी में तीन को मनेगी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

**धमतरी/भखारा।** मानस शक्ति केन्द्र रांवा के तत्वावधान में मानस ग्राम पीपरछेड़ी में 3 अगस्त रविवार को शीतला माता मंदिर प्रांगण नवीन रंगमंच पर संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में ओम निखिलम मानस परिवार पीपरछेड़ी, दुर्गा महिला मानस मण्डली तरसींवा, शिवम मानस मण्डली रांवा और पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ओमप्रकाश साहू सचिव मानस शक्ति केन्द्र रांवा ने दी।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर के 6 जिलों ....

समय अनुरूप, नियमित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण बस योजना में 6 जिले में यात्री बसें शुरू की जाएगी। इससे आम ग्रामीण जनों को उपचार, जरूरी दवाओं, आपातकालीन चिकित्सा, उन्नत इलाज, आधुनिक एवं नई चिकित्सा पद्धति की सुविधा के लाभ हेतु समयानुरूप, नियमित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### संसद में बस्तर के....

पारदर्शिता की माँग की। साथ ही रावघाट रेललाइन परियोजना को शीघ्र प्रारंभ किए जाने और इस रेललाइन को सुकमा तक विस्तार देने की माँग भी उन्होंने मजबूती से रखी, जिससे बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों का भी राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ाव सुनिश्चित हो सके। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने आदिवासी बेटियों के विरुद्ध हो रहे अत्याचारों, शोषण और जबरन धर्मांतरण के मामलों को गंभीरता से उठाया और इसके विरुद्ध प्रभावी एवं सख्त कानून की माँग की। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर को जनजातीय गौरव कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव संसद में रखते हुए इस क्षेत्र के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने का आग्रह किया।

# शैक्षिक कैलेंडर में बदलाव से असमंजस, संगठन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नया शिक्षा सत्र शुरू होने के एक महीने बाद जारी हुए शैक्षिक कैलेंडर को लेकर स्कूलों और शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बन गई है। इस नए कैलेंडर के अनुसार, अब शनिवार को भी स्कूलों का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। अब तक शनिवार को स्कूल सुबह 7 से 11:30 बजे तक संचालित होते थे। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे कर्मचारियों को परेशानी होगी और शनिवार को भी बाजार तथा बैंक खुलने चाहिए। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग ने सालभर का शैक्षिक कैलेंडर तब जारी किया है, जब स्कूल खुले एक माह बीत चुके हैं। नए कैलेंडर में हर शनिवार के बजाय अब महीने में दूसरे और चौथे शनिवार को ही 'बैगलेस डे' रखा गया है। शिक्षकों का कहना है कि अब तक हर शनिवार को बैगलेस डे रहता था।

## सरकारी स्कूलों में अब शनिवार को भी 4 बजे तक लगेंगी कक्षाएं, नया शेड्यूल जारी

कर्मचारियों ने की शनिवार को भी बैंक और बाजार खोलने की मांग


फाइल फोटो

### सुरक्षा और जागरूकता

कैलेंडर में माहवार विषय भी दिए गए हैं। जुलाई में पर्यावरण जागरूकता और अगस्त में सुरक्षा के बारे में बच्चों को जानकारी दी जाएगी। इसके तहत बाल सुरक्षा, हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला-कोंडागांव के सह-संयोजक लोकेश गायकवाड ने कहा कि कर्मचारी वर्ग को शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद का समय मिलता था, जिससे वे बैंक और अन्य जरूरी काम कर पाते थे। उन्होंने मांग की है कि अगर शनिवार को पूरे दिन स्कूल लगेंगे तो रविवार को भी बैंक और बाजार खोले जाएं।

### पहली के बच्चों के लिए 'रेडीनेस कार्यक्रम'

नए शैक्षिक कैलेंडर में पहली कक्षा के बच्चों के लिए 'रेडीनेस कार्यक्रम' भी शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में स्कूल के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें पढ़ाई के लिए तैयार करना है। यह अभियान पूर्व वर्षों से चला आ रहा है और इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रार्थना के समय शिक्षकों द्वारा बच्चों को किसी एक विषय पर

**निरीक्षण : छात्रों की प्रार्थना और अनुशासन की तारीफ की**

# बस्तर संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे ने किया खाले मूरवैंड स्कूल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव/केशकाल

केशकाल विकासखंड के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय खाले मूरवैंड में शनिवार को संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग राकेश पांडे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके इस निरीक्षण से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

संयुक्त संचालक पांडे ने सुबह विद्यालय पहुंचकर प्रार्थना सभा में भाग लिया। उन्होंने बच्चों के साथ प्रार्थना की और अनुशासन व प्रस्तुति की सराहना की। प्रार्थना सभा के बाद उन्होंने सभी शिक्षकों की दैनंदिनी डायरी और पाठ्यक्रम विभाजन का सूक्ष्म निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नियमित गृहकार्य, पाठ्यवस्तु और दैनिक कार्योंं का उल्लेख दैनंदिनी में करना अति आवश्यक है। इस पर उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि दैनंदिनी में पूरी पारदर्शिता और नियमितता रखी जाए।



### वॉलीबॉल खेलकर बढ़ाया बच्चों का मनोबल



कक्षा शिक्षण के बाद श्री पांडे खेल मैदान की ओर भी गए। वहां उन्होंने माध्यमिक वर्ग के छात्रों के साथ वॉलीबॉल खेला। उन्होंने छात्रों को खेलकूद में नियमित अभ्यास और टीम भावना को बढ़ावा देने की सलाह दी। खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन और टीमवर्क सिखाते हैं।

### कक्षा में गणित पढ़ाकर बच्चों को दी प्रेरणा

निरीक्षण को और सार्थक बनाने के लिए संयुक्त संचालक महोदय स्वयं कक्षा 10वीं के गणित पीरियड में पहुंचे। उन्होंने बीजीय व्यंजक से संबंधित प्रश्न हल कराते हुए बच्चों को सरल और रोचक तरीके से समझाया। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### विद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक के इस प्रेरणादायी निरीक्षण से विद्यालय परिवार और छात्रें में नवीन ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

### प्रभावी कक्षा शिक्षण पर जोर

निरीक्षण के दौरान श्री पांडे ने शिक्षकों को कक्षा अध्यापन से पहले पाठ की पूरी तैयारी करने और उसे आकर्षक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाने से पहले अच्छी तैयारी और योजना बनाने से बच्चों की समझ और रुचि दोनों बढ़ती हैं।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कोंडागांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में बनी सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नज़र आ रही हैं। घटिया निर्माण के कारण सड़कें एक ही साल में उखड़ने लगी हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में ये सड़के नाले में बदल जाती हैं, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में काफी दिक्कतें हो रही हैं।

### हरवेल-गम्हरी सड़क की जर्जर हालत

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड में ग्राम पंचायत हरवेल से गम्हरी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की हालत भी ऐसी ही है। यह सड़क बीचों–बीच गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, किनारे दरारें आ गई हैं और बड़े–बड़े पत्थर निकल आए हैं। इस सड़क से हरवेल, तराईबेड़ा, पीढ़ापाल, पीटीसपाल और तितरवंड जैसे लगभग पाँच से छह गाँव प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासी महेश नेताम ने बताया कि यह प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पिछले एक साल से बहुत जर्जर हो गया है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक न तो अधिकारियों और न ही प्रशासन ने इस रास्ते की ओर कोई ध्यान दिया है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

- ग्राम हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील

# सशिमं स्कूल में चुनाव से छात्रसंघ का किया गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सरस्वती शिक्षा मंदिर इ.मी. स्कूल, कोंडागांव में आज बड़े उत्साह और लोकतांत्रिक माहौल के बीच छात्रसंघ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती दीक्षित प्रभा ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक आई. पी. साहू, एवं समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगभग 200 छात्रें ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नए छात्रसंघ पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव संचालन में श्रीमती उषा नाग एवं श्रीमती रेशमी बघेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चुनाव में विजयी छात्रों के नाम

शालाध्यक्ष विशाल कौशिक कक्षा 8वीं, उप शालाध्यक्ष अनुष्का सोनी कक्षा 6वीं, सचिव तनिष्का सोनी कक्षा 3री, सहसचिव रानी मजूमदार कक्षा 5वीं, कोषाध्यक्ष साक्षी साहू कक्षा 5वीं, सहकोषाध्यक्ष आयुष पांडे कक्षा 3री। बालसभा पदाधिकारी अध्यक्ष हिमांशी महोर कक्षा 6वीं, उपाध्यक्ष आफिया खान कक्षा 6वीं, सचिव प्राची पांडे कक्षा 8वीं, सहसचिव पूजा पांडे कक्षा 7वीं चुनाव उपरांत सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और लगन से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। सरस्वती शिक्षा मंदिर ने एक बार फिर यह दर्शाया कि संस्थान केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी अग्रणी है।

# युकां ब्लॉक अध्यक्ष बने ललित सलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस छग के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं जिला प्रभारी सुरज कश्यप , सह प्रभारी नौशाद खान के सहमति से शुक्रवार को युवा कांग्रेस कोंडागांव जिलाध्यक्ष पीतांबर नाग ने आदेश जारी करते हुए फरसगांव विकासखंड के ग्राम आमगांव निवासी ललित सलाम को फरसगांव युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ललित सलाम ने कहा कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, सूरज कश्यप प्रदेश महासचिव, नौशाद खान प्रदेश सचिव, कोंडागांव जिला अध्यक्ष पितांबर नाग ने मुझ पर विश्वास जताते हुए फरसगांव युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है, इसके लिए मैं सभी पदाधिकारीयों एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मैं प्रयास करूंगा कि जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम सभी युवा साथियों के साथ करेंगे। आपको ज्ञात हो की ललित सलाम फरगांव विकासखंड अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्र ग्राम आमगांव निवासी है, युवाओं में काफी लोकप्रिय है,जनहित की कार्यों में सदैव संलग्न रहने वाले ललित सलाम आज पूरे फरसगांव ब्लॉक ही नही बल्कि संपूर्ण केशकाल विधानसभा में अपनी अनूठी कार्यशैली जनहित के कार्यों को लेकर काफी लोकप्रिय व किसी पहचान के मोहताज नहीं, वे कांग्रेस पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ताओं मे से एक है इसी कारण केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम के बेहद करीबी माने जाते है है। उनके नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है।



# 6 अगस्त को प्लेसमेंट कैंप: 46 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र और मॉडल करियर सेंटर, कोण्डागांव द्वारा शिक्षित युवक–युवतियों के लिए एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 6 अगस्त 2025 बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज में होगा। जिला रोजगार अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक कुल 46 रिक्त पदों पर भर्ती करेंगे। विभिन्न कंपनियों में निम्नलिखित पदों पर भर्ती की जाएगीरू एसबीआई इंश्योरेंस डेवलपमेंट मैनेजर 2, सेल्स मैनेजर 2, गार्जियन सेल्स ट्रेनिंग मैनेजर 1, सेल्स सपोर्टर 1, क्वांटम व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड सेल्स पर्सन 4, महावीर ऑटो डील प्राइवेट लिमिटेड सेल्स मैनेजर 1, वर्कशॉप मैनेजर 1, फ्लोर सुपरवाइजर 2, टेली ऑपरेटर 2, सेल्स एग्जीक्यूटिव 4, देवांगन एग्रो सेल्स मैनेजर 1, सेल्समैन 8, टेली कॉलर 2, होटल सई पैलेस हाउसकीपिंग 6, वेटर 4, डिलीवरी बॉय 1, शेफ 2, ड्राइवर 1।

- एसबीआई, क्वांटम व्हीकल समेत कई कंपनियों में मिलेगी नौकरी

### आवश्यक दस्तावेज

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार और पैन कार्ड, और पासपोर्ट साइज की फोटो शामिल हैं।

## कमिश्नर 6 को करेंगे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में 6 अगस्त को सांयकाल 4 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और जिला कार्यक्रम प्रबंधकों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी । जिसमें विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन सहित कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ अपने जिले में स्थापित एनआईसी कक्ष में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गदराबेड़ा स्कूल में किया पौधारोपण




**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम गदरबेड़ा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला के स्कूली बच्चों का शिक्षकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया । इस दौरान जनपद सदस्य बसमन नेताम, ग्राम जैतपुरी सरपंच सुनहेर नेताम, संस्था के प्रधान अध्यापक कविलास ठाकुर, संकुल समन्वयक अमित वासनिकर, तीजू कुमार पम्मार, श्रीमती सपना त्रिपाठी, दानीराम साहू , कुंवर सिंह, बलवीर शोरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

**उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाई जयंती**

# जैतपुरी में मनाई गई महर्षि वेदव्यास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा व्यास पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महर्षि वेदव्यास की जयंती को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उमाशंकर साहू ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने महर्षि वेदव्यास के व्यक्तित्व और उनके कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने गुरु–शिष्य परंपरा, सनातन धर्म संस्कृति और महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डाला। शिक्षिका भावना ठाकुर ने महाभारत की कथा के बारे में विस्तार से बताया।

- गुरु–शिष्य परंपरा और महर्षि के योगदान पर की गई चर्चा




**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाएँ लीना तिवारी, निर्मला यादव, मालती शार्दूल, धनेश्वरी मरकाम, पूनम नाग, राजेश नेताम, हेमलता रंगारी, गीता शोरी, वर्षा केरकेट्टा, रोमानुष एक्का, सुखदेव मरकाम, चमेली पांडे, डेमन साहू, हेमंत कुमार, देवेश कुमार साहू, दिव्या रावटे, जया खरे, स्कूली छात्र–छात्राएं और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी वेदनारायण व वेदप्रकाश शुक्रवार की दोपहर मोटरसाइकिल को छोड़ने के लिए धमतरी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को सामने से जोरदार ठक्कर मार दी। ठोकर से दोनों युवक बाइक से दूर जा गिरे। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वेदप्रकाश का पैर फ्रैक्चर हो जाने पर वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के खिलावन साहू, शिवा प्रधान व पप्पू साहू की मदद से एकता अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायल वेदनारायण को उसके मित्र ने बाइक की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया। घटना में वेदनारायण का पैर फ्रैक्चर हो जाने से उसे रिफर कराकर एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां घायलों का उपचार जारी है।

- ग्राम तेलीनसत्ती के पास हुआ सड़क हादसा



खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने ली आदिवासी विकास विभाग की बैठक



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुऐ सभी आश्रम, छात्रावासों के संचालन एवं वहां मौजूद व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश दिए जिसके तहत संस्थाओं ने सभी आवश्यक पंजियों को संधारित करने, छात्र-छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, बीमार बच्चों के लिए पृथक कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संस्थाओं के बच्चों को जन्म, जाति, आधार, आयुष्मान कार्ड अभियान चलाकर बनाने सहित संस्थाओं में विगत 05 वर्षो में प्रदाय की गई सामग्रियों का भौतिक सत्यापन, स्टाक पंजी में दर्ज करने उपयोगी, अनुपयोगी मरम्मत योग्य सामग्रियों का आवश्यकतानुसार, उपयोग मरम्मत एवं विनिष्टिकरण की कार्रवाई कराने को कहा गया।
वहीं मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक पहल करने, खिड़की में जाली लगाने, परिसर में पानी का जमाव न हो, परिसर साफ-सुथरा रखने एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुऐ मीनू का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग देवेन्द्र सिंह, डीईओ लखन लाल धनेलिया एवं सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## संकुल समन्वयक ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को परखा



भोंड। बस्तर विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला पुजारीपारा, मांदलापाल में संकुल समन्वयक देवेंद्र सोनी ने प्रार्थना सभा में सहभागिता कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरित किया। प्रार्थना के उपरांत उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की होमवर्क कॉपियों की जांच कर उनकी प्रगति का जायजा लिया, साथ ही शिक्षकों की डेली डायरी का अवलोकन कर शैक्षणिक योजना की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को नियमित, योजनाबद्ध और जिम्मेदार शिक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु रसोइयों को उचित मार्गदर्शन दिया गया।

# विधायक ने आदिवासी अंचल के कर्मचारियों के लिए उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड/घाटलोहंगा

- विशेष सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु सरकार से की अपील



बस्तर जिला स्कूल, आश्रम, छात्रावास शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ, जगदलपुर का एक प्रतिनिधिमंडल बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मिला और वर्ष 2014 में विशेष सीधी भर्ती अभियान के तहत नियुक्त 186 पूर्णकालीक स्वीपर कर्मचारियों को नियमित किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने इस गंभीर विषय पर संवेदनशील पहल करते हुए मुख्यमंत्री आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री को पत्र लिखकर प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। पत्र में विधायक ने उल्लेख किया कि नियुक्ति के 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद इन कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हो पाया है, जिससे वे और उनके परिवार गहरे असंतोष और आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि अपनी एकसूत्रीय मांग को लेकर ये कर्मचारी जगदलपुर से रायपुर तक पदयात्रा कर चुके हैं, जिसकी व्यापक कवरेज समाचार पत्रों में हुई थी। इसके साथ ही 15 जुलाई को विधानसभा घेराव और 16 जुलाई से ग्राम तूता, रायपुर में परिवार सहित अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर भी बैठे हुए हैं। विधायक बघेल ने पत्र में कहा कि यह स्थिति अब अत्यंत गंभीर और संवेदनशील हो चुकी है तथा यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कोई अप्रिय घटना भी घट सकती है।

विधायक ने मुख्यमंत्री आदिम जाति कल्याण मंत्री से आग्रह किया कि वे तत्काल इस विषय से जुड़े प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए आमंत्रित करें तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में नियमों के अधीन यदि मांग विचार योग्य हो, तो प्रकरण का सकारात्मक समाधान कराकर आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करें।

विधायक ने अपने पत्र में विशेष रूप से रेखांकित किया कि यह मुद्दा सीधे बस्तर जैसे आदिवासी अंचल से जुड़ा हुआ है, अतः सरकार और विभाग को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इन कर्मचारियों और उनके परिवारों को न्याय मिल सके और वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

### पीएम किसान योजना की राशि का हुआ अतंरण

# 17 हजार किसानों को मिले 3.64 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से देश के किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) की 20वीं किश्त की राशि का ऑनलाइन राशि अतंरण किया।

- कृषक आधुनिक तकनीक के साथ-साथ परम्परागत कृषि के मध्य तालमेल रखे : अटामी



इस योजना के अंतर्गत देशभर के किसानों के बैंक खातों में सीधे सम्मान राशि ट्रांसफर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह योजना उन्हीं प्रयासों का एक अहम हिस्सा है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गीदम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत जिले के कुल 17,112 किसानों के खातों में 3.64 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने किसानों को किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग डिजिटल होता जा रहा है, ऐसे में सभी किसानों के लिए बैंक खाता खोलना बेहद जरूरी है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों के लिए छह हजार रुपये की राशि भी बहुत उपयोगी होती है, बशर्ते इसका सही उपयोग खेतों में किया जाए।

विधायक ने दंतेवाड़ा को जैविक जिला बताते हुए परंपरागत खेती की महत्ता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आज जहां बड़े किसान ट्रैक्टरों से खेती कर रहे हैं, वहीं हमें अपने जैविक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए गाय-बैल से खेत जोतने की परंपरा को भी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी किसान गरीब नहीं होता, यदि वह अपने खेत की क्षमता को पहचान कर पूरी मेहनत से काम करे। खेती के लिए डिग्री नहीं, बल्कि अनुभव और लगन सबसे बड़ी पूंजी होती है।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य ममता मंड़ावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, कृषि विभाग के उप संचालक सूरज पंसारी, सहायक संचालक धीरज बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उप संचालक पंसारी ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि योजनाओं में भागीदारी करके किसान अपनी आय और उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएम किसान योजना की सहायता से उन्होंने अपनी खेती में उल्लेखनीय सुधार लाया हैं।

# टीबी मरीजों को फुड बास्केट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

जिला बस्तर कलेक्टर द्वारा जन सामान्य को की गई अपील अनुसार निक्षय मित्रें से प्राप्त सहायता राशि या व खाद्य सामग्री का वितरण किया किया गया।

1 अगस्त को जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा में टीबी मरीजों को फूड बास्केट किट का वितरण चन्द्रभान कश्यप जिला पंचायत सदस्य एवं डॉ.बसन्त कश्यप जनपद उपाध्यक्ष के हाथों किया गया। कुल 60 मरीजों को किट वितरण किया गया। विकासखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के चिन्हांकित मरीज उपस्थित थे।

कार्यक्रम में चन्द्रभान कश्यप जिला पंचायत सदस्य, डॉ. बसन्त कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनेश्वर पाण्डे उपस्थित थे। विकासखण्ड अन्तर्गत उपचाररत टीबी मरीजों को प्रति मरीज प्रति माह 1 फूड बास्केट किट प्रदाय किया जाना है। इसी श्रृखला में आज चिन्हित टीबी मरीजों को किट प्रदाय किया गया।

# कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन, रूद्र प्रताप अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



जनपद पंचायत बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडापाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चोकर मंडल कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर बस्तर ब्लॉक प्रभारी बालेस चंद्र दुबे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रभारी बालेस चंद्र दुबे ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने हेतु जुटें। इस दौरान रूद्र प्रताप यादव को मंडल अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर निम्नलिखित नियुक्तियाँ की गईं।

उपाध्यक्ष महेश कश्यप, जगमोहन बघेल, सोनू बघेल। कोषाध्यक्ष हेमराज बघेल, सचिव तेजराम ठाकुर, ललित सेठिया, तुलसी राम ठाकुर, सह-सचिव में चैनूराम बघेल, भागरती नाग, शोभाराम मारकडे। सोशल मीडिया संयोजक में जगन्नाथ कश्यप, कार्यकारिणी सदस्य शालिक राम बघेल, लखमी बघेल, धरम सिंह गोयल, जयंती नेताम, फूलन बघेल, सदन बघेल, नबीना नाग, उमा कर्रे , सुरेश कश्यप आदि। इस दौरान चोकर मंडल अंतर्गत पांच सेक्टर प्रभारी का भी नियक्ति किया गया जिसमे घाटलोहंगा सेक्टर प्रभारी डमरूधर बघेल एवं कुड़का नार सेक्टर प्रभारी फूलसिंह बघेल को एतावत रखा गया और तीन सेक्टर के प्रभारी नए नियक्ति किया गया। इस इस अवसर पर कांग्रेस मंडल कार्यकर्ता सेक्टर प्रभारी एवं पदाधिकारीकरण भूत कमेटी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ संयुक्त संचालक के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



नव पदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग राकेश पांडेय द्वारा विभिन्न शालाओ में औचक निरीक्षण से ब्लॉक बस्तर की शालाओ में पदस्थ शिक्षको में हड़कम्प मचा हुआ है। 25जुलाई को संयुक्त संचालक द्वारा प्रातः शाला समय पर प्राथमिक शाला खूंटगुड़ा व बकावंड ब्लॉक की प्राथमिक व माध्यमिक शालाओ का गहन निरीक्षण किया गया था। जिसमे काफी अनियमितताएं पाई गई थी।

जिस पर लापरवाह शिक्षको पर कार्यवाही भी की गई थी। जिसका व्यापक असर हुआ है जो शिक्षक शाला समय पर नही पहुचते थे वे समय पूर्व शाला में उपस्थिति देते नजर आ रहे है। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमित शाला पर उपस्थित होने व समय पर पहुचने के लिए प्रयास किये जाते रहे है लेकिन वर्तमान में स्थिति बेहतर हो रही है। सभी पदस्थ शिक्षक प्रार्थना सभा मे अपनी उपस्थिति देते देखे जा सकते है। कुछ लापरवाह अपवाद स्वरूप शिक्षको के कारण नियमित व ईमानदारी से कार्य करने वाले भी कर्मचारी भी बदनाम हो रहे थे। प्रार्थना में सभी की उपस्थिति एकजुटता को इंगित करता है। इसके पहले अध्यापक दैनन्दिनी के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही थी। कई शिक्षक तो डायरी लिखते ही नही थे । उनका कहना था कि कोई किया कर लेगा, लेकिन वर्तमान में निरीक्षण के दौरान प्रत्येक शिक्षक द्वारा डेली डायरी का अवलोकन कराने की होड़ सी लगती है। विधिवत डायरी का संधारण किया जा रहा है। टाइम टेबल के अनुसार अध्यापन कार्य किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में अभी भी सुधार की आवश्यकता है ,इस हेतु ब्लॉक स्तर के अधिकारियो द्वारा पुरजोर प्रयास किये जा रहे है । शाला में अध्यापन के साथ साथ अन्य गतिविधियों पर भी अध्यापको द्वारा ध्यान दिए जा रहे है।

शाला में बच्चों की दैनिक उपस्थिति में निरन्तर सुधार देखने को पाया जा रहा है। इस क्रम को निरन्तरता बनाये रखने सभी शिक्षकों से अपील करते है कि इसी प्रकार नियमित नए उत्साह के साथ दिन की शुरूआत हो ,ताकि ब्लॉक बस्तर में शिक्षा का अलख जगाया जा सके। ताकि हमारे ब्लॉक के होनहार बच्चे ऊंचाइयों की उड़ान भरकर हमारा नाम रोशन कर सके। इस कार्य मे हम सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी आपके साथ सदैव थे है व हमेशा रहेंगे।

# कॉरिडोर एवं रिवर फ्रंट में अव्यवस्था फैलाने पर होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में टेम्पल कमेटी सदस्यों की बैठक आहूत की गई थी।

बैठक के एजेंडे में मंदिर के सामने निर्मित भव्य कॉरिडोर एवं रिवर फ्रंट की देखरेख, नवनिर्मित कॉरिडोर में बारिश के पानी जमा होने पर निकासी, नवीन ज्योति भवन एवं मेढका डोबरा मैदान में गेट निर्माण, मंदिर के सामने अस्थाई नारियल दुकानदार के व्यवस्थित बैठने संख्या निर्धारण एवं किराया, माईजी की भूमि ख.न. 243 एवं 262 में निर्मित शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों का नीलामी एवं किराया राशि जमा करने अथवा अनुबंध निरस्त करने, उक्त भूमि पर नगर दंतेवाड़ा एवं गीदम में काबिजो का किराया वसूली एवं नये सिरे से किरायानामा करने, के अलावा भूमि पर मंदिर की भवन में पूर्व से काबिजों का किराया कम करने, मंदिर रोड में स्थित दो शिव मंदिर का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष, भोगसार का निर्माण, मंगल भवन का जीणोद्धार एवं नाली निकासी निर्माण, सत्संग भवन संग्रहालय भवन का सीपेज से सुरक्षा हेतु छत का मरम्मत, सेंट्रल बैंक संचालन हेतु प्रदाय भवन में सीपेज से सुरक्षा हेतु छत का मरम्मत, मंगल भवन एवं मैदान बुकिंग उपरांत कार्यक्रम आयोजन नहीं किये जाने से किराया राशि वापस करने, आवराभाटा स्थित पूजा स्थल एवं जीर्ण-शीर्ण जिया डेरा भवन को डिस्मेंटल कर, नया भवन निर्माण करने, मंदिर हेतु अतिरिक्त पुजारी एवं सेवादारों की नियुक्ति करने, जिला कोषालय में जमा चांदी के आभूषणों को गलाकर चांदी का ईंट बनाकर रखने, नारायण मंदिर परिसर का विस्तार एवं नया डोली विश्राम भवन का निर्माण, नवीन धर्मशाला के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु किराये पर दिये जाने, गीदम स्थित रिक्त भूमि पर काम्पलेक्स निर्माण कर किराये पर दिये जाने, दंतेवाडा में चुड़ीटिकरा स्थित भूमि में एडवेंचर पार्क का निर्माण कर किराये पर देने, दन्तेश्वरी मंदिर के पीछे डंकनी नदी में फुटब्रिज का निर्माण तथा दतेश्वरी मंदिर से भैरव मंदिर से टुण्डाल भैरव मंदिर से दंतेश्वरी मंदिर तक एक परिक्रमा पथ के रूप में धार्मिक एवं पर्यटन विकास के संबंध में, पुराना ज्योति भवन में आरसीसी छत कर मरम्मत संबंधी एजेंडा सम्मिलित थे।

# बीएसएमटीसी बस्तर ने तसर सिल्कवर्म बीज उत्पादन में शीर्ष स्थान किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



बीएसएमटीसी बस्तर ने वर्ष 2024-25 के लिए तसर सिल्कवर्म बीज उत्पादन में शीर्ष स्थान हासिल किया है। बस्तर, छत्तीसगढ़ में स्थित बेसिक सीड मल्टीप्लिकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर बीएसएमटीसी ने देश भर की 18 इकाइयों के बीच यह उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय रेशम बोर्ड सीएसबी के तहत बीएसएमटीसी बस्तर ने इस राष्ट्रीय मान्यता को प्राप्त करने में अपनी टीम के सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रदर्शन किया है। बीएसएमटीसी बस्तर के वैज्ञानिक-सी और प्रभारी डॉ. बीटी रेड्डी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम को दिया और कहा, यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं है, बल्कि बीएसएमटीसी बस्तर की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। बीटीएसएसओ बिलासपुर के निदेशक ने डॉ. रेड्डी को पुरस्कार प्रदान किया। इस उपलब्धि से बीएसएमटीसी बस्तर भारत के रेशम उद्योग में एक अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा और आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देगा।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री किट वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा उमाशंकर तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के आठ मानसिक रूप से विशेष दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री टीएलएम कीट प्रदान की गई। यह सामग्री दिव्यांग कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तीकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र सीआरसी ठाकुर टोला, राजनांदगांव से प्राप्त कर बच्चों तक पहुंचाई गई।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षण कार्य में प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# रामचरित मानस के रचयिता तुलसीदास का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



श्रीरामचरित मानस जैसा पावन ग्रन्थ रचकर विश्व को उपहार देने वाले गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर दंतेवाड़ा में राज्य स्तरीय समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ।

मेंडका डोबरा मैदान के मंच पर यह गरिमामय आयोजन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ की जिला इकाई के तत्वावधान किया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद अतिथियों ने मां दंतेश्वरी, भगवान श्रीराम व गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर ध्वजारोहण किया। मंगलाचरण के उपरांत विभिन्न मंडलियों ने गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं व राम चरित मानस की चौपाइयों का सस्वर पाठ किया व तुलसीदास जी के जीवन चरित पर आख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कांकेर सांसद मोहन मंडावी, प्रतिष्ठान के अध्यक्ष जगदीश देशमुख, महासचिव राजेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता भी शामिल हुए।

विधायक चैतराम अटामी ने आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते कहा कि रामचरित मानस का मर्म समझकर इसे अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। इस महान ग्रंथ में जीवन के हरेक पहलु के लिए कुछ न कुछ लिखा गया है। भगवान राम ने सांसारिक होकर लीला रची। उन्हें हम अपने हृदय में धारण करें, तो निश्चित रूप से भव सागर से तर जाएंगे। दिव्य जीवन संघ आश्रम गुमरगुंडा के संचालक स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती ने कहा कि जिनके भाग्य में होता है, वही ऐसे आयोजन में पहुंच पाते हैं। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम का समापन रामायण आरती व राष्ट्रगान के साथ हुआ।

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के महासचिव राजेन्द्र ठाकुर ने प्रतिष्ठान द्वारा जल्द ही अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 अलग-अलग क्षेत्रों में वार्षिक अलंकरण दिए जाएंगे। साथ ही मानस मंजूषा पत्रिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें मानस मंडलियों की उपलब्धियां प्रकाशित की जाएंगी।

# ग्राम सभा में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं स्वच्छता पर हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिला प्रशासन यूनिसेफ एवं एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिवस ग्राम पंचायत कटुलनार में आयोजित ग्राम सभा में बालक बालिका शिक्षा एवं अभिभावकों की भागीदारी, के तहत व्यवहार कॉर्नर रूप नही गुण को देखो, आज क्या सीखा, पढ़ाई का कोना जैसे बिन्दुओं के प्रति पालकों की भूमिका को बढ़ावा देने अपील किया गया। इस संबंध में जिला समन्वयक राजेश बघेल ने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन, समग्र शिक्षा एवं यूनिसेफ के सहयोग से ग्राम पंचायत में व्यवहार कॉर्नर बनाया गया है, जिससे शारीरिक आत्म विश्वास एवं स्वस्थ किशोरावस्था में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके। जिले के इस पहले व्यवहार कॉर्नर अन्तर्गत समुदाय आधारित बालक बालिका शिक्षा भेदभाव, बाल विवाह, माहवारी के दौरान भेदभाव, किशोरावस्था से जुड़ी लैंगिक और शारीरिक बनावट संबंधी भेदभाव को समाप्त करने हेतु पहल की गई। साथ ही बच्चों को सुरक्षित माहौल के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित करने आज क्या सीख,एवं पढ़ाई का कोनाबनाने हेतु पालकों से आग्रह किया गया। ग्राम सभा में सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, शिक्षक, युवोदय विकासखंड समन्वयक, मितानिन,युवोदय स्वयं सेवक, ग्रामीण, समूह की महिलाएं एवं मितानिन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## बीएसएनएल ग्राहकों के लिए फ्रीडम प्लान

**जगदलपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड ने ग्राहकों के लिए एक बेहद आकर्षक फ्रीडम प्लान शुक्रवार से शुरू किया है। प्लान के तहत मात्र एक रूपए रिचार्ज के साथ, बीएसएनएल का 4 एवं 5 जी सिम फ्री में दिया जाएगा। साथ ही अन्य ऑपरेटर के सिम को मात्र एक रूपए में बीएसएनएल में एमएनपी करने की सुविधा है। इसमें 30 दिन वैलेडिटी के साथ 2 जी डेटा, 100 एसएमएस, दिन और असीमित कॉल की सुविधा भी है, इस प्लान की वैधता 31 अगस्त तक है। यह प्लान नए सिम या एमएनपी के साथ बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, फ्रैंचाइजर, रिटेलर या डीएसए से लिया जा सकता है। प्रधान महाप्रबंधक बीएसएनएल बस्तर शरतचंद्र तिवारी ने बताया कि बीएसएनएल बस्तर में 4 जी सेवाओं के लगातार विस्तार के साथ ग्राहकों की सुविधा के लिए किफायती प्लान भी उपलब्ध करा रहा है।

## सादगीपूर्ण मनाई रविशंकर व विद्याचरण शुक्ल की जयंती



**जगदलपुर।** राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व.पंडित रविशंकर शुक्ल एवं झीरम घाटी हमले में शहीद हुए पूर्व विदेश मंत्री विद्याचरण शुक्ल की जयंती सादगीपूर्ण मनाई गई।
इस दौरान रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी, कमलेश पाठक, अनुराग महतो, सायमा अशरफ, माही श्रीवास्तव, सुनीता दास, नीतीश शर्मा, उस्मान रजा,रजत जोशी, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## विकासखंडवार कार्यक्रमों की बैठक में चर्चा



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की विकासखंडवार सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम, नोडल अधिकारी आईडीएसपी डॉ. वीके ठाकुर और सीपीएम डॉ. पीडी बस्तिया उपस्थित रहे। इसमें पीपीटी के माध्यम से स्लाइड वाइज आधार डेटाबेस अटेंडेंस, मलेरिया, नेक्स्टजन, कुष्ठ कार्यक्रम, मोतियाबिंद, आभा आईडी, ई-संजीवनी, एनसीडी और हेल्थ मेला में अब तक के उपलब्धि की विकासखंड वार समीक्षा की गई। आगामी दिनों में होने वाले स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं आगमन को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों के रख-रखाव, रिकॉर्ड और कर्मचारियों को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों में उपस्थिति के बारे जानकारी ली गई। बैठक में सभी कार्यक्रमों के जिला अधिकारी, नोडल अधिकारी, खंड चिकित्साअधिकारी, विकासखंड प्रोग्राम मैनेजर और ब्लॉक डाटा मैनेजर के साथ उपस्थित रहे।

## सूर्या ताम्रकार की टीम ने दी रंगारंग देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति



**जगदलपुर।** दूरदर्शन केंद्र में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व लोक कलाकार सूर्या ताम्रकार ने किया । उनकी टीम ने लोक संस्कृति और देशभक्ति पर गीत प्रस्तुत किए । कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी परिधान में सजे कलाकारों ने विविध गीतों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आजादी के अमर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। टीम के प्रमुख कलाकारों में शिव प्रकाश सीजी, आकाश देवांगन, मंगलू पोयाम , रूपाली मालती, अंजू लोमिता, प्रियंका दीपा पीहू एवं अन्य शामिल रहें। यह विशेष कार्यक्रम जल्द दूरदर्शन पर प्रसारित होगा।

### भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने सरकार कर रही हर संभव कोशिश

# पहली बार सड़क मार्ग से महिला मंत्री राजवाड़े का सुकमा दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा/ कोंटा

छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शुक्रवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पहली बार सड़क मार्ग से नक्सलवाद प्रभावित जिला सुकमा की दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विभागीय संस्थाओं का निरीक्षण कर

- दिव्यांग बच्चों ने गाने के साथ की मंत्री का आत्मीय स्वागत



आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री राजवाड़े आँगनबाड़ी केंद्र गोलागुड़ा और बाजारपारा सुकमा पहुंची। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी दिनचर्या स्वास्थ्य भोजन और शिक्षा जैसी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के साथ फर्श पर बैठकर एबीसीडी और पहाड़ा के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने राजवाड़े को कविता पाठ सुनाया। मंत्री ने गुणवत्तापूर्ण भोजन करने और बच्चों को उनकी बोली भाषा में पढ़ाने के निर्देश दिए। कुम्हाररास में स्थित आकार संस्था का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संवेदी कक्ष में संवेदना विकास हेतु की जाने वाली गतिविधियों से अवगत होकर संस्था में उपलब्ध संसाधनों की प्रशंसा की। दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक गाने के साथ की मंत्री का आत्मीय स्वागत भी किए। उन्होंने संस्था के विभिन्न कक्षाओं में घूम-घूमकर बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। मंत्री ने बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की पढ़ाई-लिखाई के बारे में बातचीत की और उन्हें फल व चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं । संस्था के में रह दिव्यांग बालक और बालिकाओं के लिए समाज कल्याण विभाग के समन्वय से कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए ।

### नक्सल पुनर्वास केंद्र पहुंची मंत्री

महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री नक्सल पुनर्वास केंद्र पहुंची। उन्होंने केंद्र में उनके रहने खाने और व्यवस्थापन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि पुनर्वास के लिए सभी आत्मसमर्पितों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। आत्मसमर्पित माओवादियों ने मंत्री को गाना गाकर सुनाया। कार्यक्रम के दौरान 25 प्रशिक्षणार्थियों को मंत्री ने मेशन ट्रेड का प्रमाण पत्र वितरित की। उन्होंने केंद्र में निवासरत लोगों से चर्चा की और उन्हें समाज की मुख्य धारा में जुड़कर परिवार के साथ प्रेमपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

इसके बाद मंत्री सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंची जहां उन्होंने वहां मिलने वाली सेवाओं की जानकारी ली। बताया गया कि सेंटर में प्रतिमाह 7 से 9 प्रकरण सामने आते हैं । जिनमें प्रत्येक केस में औसतन तीन बार काउंसलिंग की जाती है। मंत्री ने कर्मचारियों को कहा कि महिलाओं का मामला बहुत संवेदनशील होता है कोशिश करें कि मामला आपसी समन्वय से सुलझाया जा सके।

### मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए। बच्चों तथा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत जमीनी स्तर पर पूर्ण करना आवश्यक कहा। पर्यवेक्षकों को नियमित फील्ड भ्रमण कर कुपोषण दर में कमी लाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन करने से जिले में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख से संबंधित सेवाओं में और सुधार की अपेक्षा की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिला प्रशासन द्वारा संस्थाओं के संचालन एवं सहयोग के बारे में बताया। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका शोरी, वरिष्ठ भाजपा धनीराम बारसे, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग पीएल एल्मा, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सट्टा पर्ची व नगद के साथ सटोरिया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

किराना दुकान की आड़ में सट्टे का कारोबार चल रहे आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नगद के अलावा सट्टा पर्ची बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया।

- किराना दुकान की आड़ में चला रहा था सट्टे का कारोबार

सट्टेबाजी की सूचना पर कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि सूचना मिला कि झोपडी पारा संजय गांधी वार्ड निवासी युवराज दास 46 वर्ष अपने किराना दुकान में बैठ कर सट्टा पट्टी पर्ची लिखकर हार जीत का जुआ खिला रहा है।

टीम द्वारा युवराज दास निवासी संजय गांधी वार्ड झोपडी पारा को हिरासत में लेकर तलाशी लिया गया। उसके कब्जे से 12 नग सट्टा पर्ची, नगद रकम 1 हजार 360 रूपए के अलावा पेन जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, सुनील मनहर, आरक्षक परमानद भोयर, विजय तिर्की व प्रतिमा रावटे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## टेलिंग डेम ढहने से हुई परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

बचेली में भारी बारिश के चलते एनएमडीसी का पुराना मार्केट स्थित टेलिंग डेम आज सुबह लगभग 10.30 बजे ढह गया। जिससे जन जीवन को हताहत होने की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं हैं। वही रामधर कश्यप, चालकी पारा बचेली के ट्रक मालिक का ट्रक जो की ठीक इसी डेम के नीचे लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क में खराब हों गया था,कटाव के चपेट में आ गया। विदित हों की बचेली में लगातार कुछ दिनों से भारी बारिश हों रही थीं। भारी बारिश के चलते मिट्टी से बना चेक डेम जो लगभग 52-55 बर्ष पूर्व बना था, आज ढह गया।

स्थानीय जन प्रतिनिधियों, एनएमडीसी के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा डेम के आस पास निवासरत लोगों को आपातकालीन दुर्घटना से सचेत रहने को कहा गया।

एनएमडीसी प्रशासन द्वारा मिट्टी के गाद उठाने के लिए पोकलेन बड़े ड्रोज़र मशीनों की व्यवस्था करके लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग का सफाई की गयी। लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क मार्ग में मिट्टी के गाद भर जाने से सुरक्षागत कारणों से आज लौह अस्यक का परिवहन आज रोक दिया गया।

## अंजुमन कमेटी चुनाव के लिए मुस्लिम समाज की बैठक



**जगदलपुर।** अंजुमन चुनाव बाबत रखी गई मीटिंग कामयाबी के साथ सम्पन्न हुई,जिस में क़ौम-परस्त और जमाअत का भला चाहने वाले ज़िम्मेदार शरीक हुए। मीटिंग में तमाम अफ़राद की मुत्तफ़िक़ा राय से चुनाव करवाने पर इत्तिफ़ाक़ हुआ और चुनाव के लिए हामी भरी गई। आम जमात की मीटिंग 2 अगस्त में यह तय किया गया की 4 अगस्त को जामा मस्जिद में जाना हो कर कलेक्टर से मुलाक़ात कर बायलाज के तहत 15 दिनों में चुनाव करने की गुज़ारिश की जाएगी।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नगरनार पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्रॉड, नए कानून, महिलाओं व बच्चो की सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नगरनार पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाते हुए विद्यार्थियों, ग्रामीणों व स्कूल स्टॉफ को जागरूक करने प्रयास किया गया।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग द्वारा जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जन जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया गया था। इसी के तहत शनिवार को नगरनार पुलिस द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल एनएमडीसी नगरनार स्कूल परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में शिक्षकगण, स्कूली बच्चे व अन्य स्टॉफ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक पुलिंसिंग के तहत जन जागरूकता लाने मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्रॉड, नए कानून, महिलाओं एवं बच्चो की सुरक्षा तथा यातायात नियम आदि विषयो पर जानकारी दी गई। मौजूद बच्चों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व स्टॉफ को मद्यपान, नशाखोरी से होने वाले शारीरीक, आर्थिक नुकसान के संबंध में बताया गया। इसके अलावा सायबर फ्रॉड से बचने के लिये अपने व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक एकाउंट नंबर, एटीएम नंबर, आधार नंबर, ओटीपी को किसी अनजान व्यक्ति या कॉलर को शेयर न करने, महिलाओ एवं बच्चो की सुरक्षा में बेड टच, गुड टच, यौन उत्पीड़न, सायबर उत्पीडन से बचने जानकारी दी गई तथा बताया गया कि इस तरह के उत्पीड़न से बचने के लिए महिला हेल्प लाईन की मदद लें। इसके अलावा सुरक्षा ऐप, पाक्सो एक्ट के धाराओ के संबंध में यातायात नियमो में नाबालिग बच्चो द्वारा वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने से होने वाले शारीरीक, आर्थिक क्षति, रोड एक्सीडेंट के संबंध में एवं नए कानून की धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगरनार थाना के निरीक्षक संतोष सिंह व एसआई सतीश यदुराज के अलावा डीएवी रेसीटेंडल स्कूल की प्राचार्या डॉ. रानी मैथ्यू, शिक्षकगण, अन्य स्टॉफ, स्कूली बच्चे समेत 4 सौ से अधिक लोग मौजूद थे।

**खास बातें**

- मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्रॉड, नए कानून, महिलाओ व बच्चो की सुरक्षा की दी गई जानकारी
- डीएवी स्कूल नगरनार के विद्यार्थियों व स्टॉफ को किया गया जागरूक




# भरत कश्यप उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहंडीगुड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ,भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव

- मुख्यमंत्री निवास में हुआ सम्मान कार्यक्रम

,संगठन महामंत्री पवन साय ने उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मानित किया। उन्होंने लगन और सक्रियता से निरंतर पार्टी के प्रतिष्ठा के लिए समर्पित भाव से काम किया ।



भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान मुख्यमंत्री निवास में आज हुआ। गत पंचायत चुनाव में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के गृह एवं प्रभाव क्षेत्र से चुनाव लड़कर सबसे ज्यादा वोट से जीतकर सरपंच बने। भरत कहते हैं कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं देश के सबसे बड़ी पार्टी का एक कार्यकर्ता हूं । राज्य एवं केंद्र सरकार की प्रत्येक महत्वपूर्ण योजना जो आदिवासी और आम ग्रामीणों के लिए है, लोगों के लिए है उन तक पहुंचाता रहूं। उन्होंने इस सम्मान के लिए पार्टी के नेताओं का आभार जताते हुए कहा है कि मैं पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहा हूं और रहूंगा।

## मात्र 2000 में जीवन यापन को मजबूर मध्यान्ह भोजन रसोइया, मानदेय बढ़ोतरी की मांग

हरिभूमि न्यून ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। मात्र 2000 मासिक मानदेय में कार्य कर रहे ये रसोइये न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व निभा रहे हैं, बल्कि विद्यालयी व्यवस्थाओं का भी एक अहम हिस्सा हैं। इस अल्प मानदेय में वे अपने परिवार का दो वक्त का भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। विडंबना यह है कि सरकार की तरफ से बार-बार मानदेय बढ़ाने के आश्वासन दिए गए, परंतु धरातल पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। हाल ही में चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी के तहत 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी किया गया था, लेकिन अब वह भी अनसुना होता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, बस्तर संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने



सरकार से मांग की है कि मध्यान्ह भोजन रसोइयों के मानदेय में शीघ्र ही बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि इन रसोइयों को क्रम से 5000 मासिक मानदेय देने का आदेश जल्द जारी किया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। श्रीवास्तव ने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। यह मांग न केवल न्यायोचित है, बल्कि इन मेहनतकश महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। सरकार से अपील है कि इस महत्वपूर्ण वर्ग की अनदेखी न करते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएं।

## कृषि संकाय की तीन छात्राओं को मिली सफलता



**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 जगदलपुर की कृषि संकाय की तीन छात्राएं कु देवयानी ठाकुर, कु पूजा कश्यप एवं प्राची श्रीवास ने प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में सफलता प्राप्त करते हुए हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेश लेते हुए शाला को गौरवान्वित किया है। इन छात्रों की सफलता का कारण उनकी मेहनत लगन एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि तीनों छात्राऐं अच्छे अंक प्राप्त करते हुए अपने रुचि के विषय में उद्यानिकी महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया ।

# बस्तर को आकांक्षी जिला का गोल्ड और आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल को कांस्य पदक मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला और ब्लॉक का संपूर्णता अभियान के तहत चिन्हांकित 6 सूचकांकों में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए बस्तर जिला को राज्य स्तर पर आकांक्षी जिला का गोल्ड पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल को कांस्य पदक दिया गया है । रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से कलेक्टर हरिस एस और पूर्व कलेक्टर विजय दयाराम के. ने पुरुस्कार ग्रहण किया ।



कलेक्टर ने बताया कि नीति आयोग के द्वारा 4 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक संचालित किया गया । जिसका मुख्य उददेश्य 6 सूचकांकों में सम्पूर्णता प्राप्त करना था। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 6 इंडिकेटर में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना था। सम्पूर्णता अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा 8500 किसानों का स्वाईल हेल्थ कार्ड बनाकर वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सातों विकासखण्डों में एएनसी पंजीयन के तहत 1922 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया।

शिशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण के तहत सातों विकासखण्डों से 1801 शिशुओं का टीकाकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पूरक पोषण के तहत जिलें के 7894 को पूरक पोषण आहार उपलब्ध करवाया गया। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 177 स्कूलों में विद्युत व्यवस्था सुनिश्यिचत की गई और समग्र शिक्षा के माध्यम से पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया गया ।

